Press Release

TATA POWER-DDL

बुधवार, 04 दिसंबर, 2024 — प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली

# टाटा पावर-डीडीएल ने अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर समावेशिता और सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहरायी

## दिव्यांगों को सहायता देने के साथ-साथ बांटे सहायक उपकरण





अग्रणी पावर यूटिलिटी **टाटा पावर-डीडीएल** ने, जो कि नॉर्थ दिल्ली में लगभग 90 लाख की आबादी को बिजली सप्लाई करती है, समावेशिता और सामुदायिक कल्याण के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराते हुए, अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस (IDPWD) के मौके पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर, डिस्कॉम ने दिव्यांगों के लिए मोबिलिटी एड्स जैसे मोटराइज़्ड ट्राइसाइकिलें, व्हीलचेयर, हियरिंग डिवाइस और अन्य कई एप्लायंसेज़ बांटे। यह आयोजन 2024 अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस (IDPWD) के थीम - "समावेशी और सस्टेनेबल भविष्य के लिए दिव्यांगों की नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना' के अनुरूप था।

इस समारोह में, इंटरनेशनल पैरा एथलीट और क्रिकेटर श्री विशाल सम्मानित अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। उनके अलावा, श्री गजानन एस काले, सीईओ, टाटा पावर-डीडीएल, अन्य सीनियर अधिकारी और प्रमुख हितधारक, लाभार्थी तथा सामुदायिक नेतागण भी दिव्यांगजनों की उपलब्धियों एवं दृढ़ता के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मौजूद थे।

**टाटा पावर-डीडीएल के बारे में**

टाटा पावर-डीडीएल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार और टाटा पावर का ज्वाइंट वेंचर है। कंपनी नॉर्थ दिल्ली में करीब 9 मिलियन की आबादी के लिए पावर सप्लाई करती है। टाटा पावर-डीडीएल बिजली वितरण के क्षेत्र में सुधारों के स्तर पर अग्रणी है और इसे उपभोक्ता केंद्रित व्यवहारों के लिए जाना जाता है। निजीकरण के बाद से टाटा पावर-डीडीएल के वितरण इलाकों में एटीएंडसी नुकसान में रिकॉर्ड कमी आयी है। और सभी वर्टिकल्स में एडवांस्ड टैक्नोलॉजी अपनाकर बिजली वितरण के परिदृश्य में व्यापक बदलाव लया है। वर्तमान में एटीएंडसी नुकसान 5.9% है, जिसमें जुलाई 2002 में 53% के शुरुआती नुकसान में अप्रत्याशित कमी आई है। टाटा पावर-डीडीएल के बारे में और जानकारी के लिए देखें: www.tatapower-ddl.com

For further information please contact:
**Corporate Communications:**
Sonia Sarin (9910292599)

**Slough PR:**
Abhishek Anand(9711061540)

Blog